# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## अगस्त भाग-1
## 2021

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) कोर सेक्टर उद्योगों में वृद्धि को मापता है।
   2. IIP का संकलन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा किया जाता है।
   3. अक्षय ऊर्जा क्षेत्र कोर सेक्टर उद्योगों में से एक है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. केवल 1 और 2
   D. 1, 2 और 3

2. पैंगोलिन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. पैंगोलिन भारत के हिमालय और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पाए जाने वाले चींटीखोर हैं।
   2. पैंगोलिन की सभी सात प्रजातियाँ भारत में पाई जाती हैं।
   3. भारतीय पैंगोलिन को IUCN की रेड लिस्ट में संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

   A. केवल 1 और 3
   B. केवल 2
   C. केवल 2 और 3
   D. केवल 3

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

   1. अच्छा ओज़ोन पृथ्वी के वायुमंडल के क्षोभमंडल में मौजूद है।
   2. अच्छा ओज़ोन मानव को हानिकारक पराबैंगनी (UV) विकिरण से बचाता है।
   3. जब नाइट्रोजन ऑक्साइड (NOx) और वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (VOCs) सूर्य के प्रकाश तथा स्थिर हवा में प्रतिक्रिया करते हैं, तो निचले स्तर पर ओज़ोन का निर्माण होता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 1 और 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

4. 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. यह संयुक्त राष्ट्र का एकमात्र अंग है, जो सदस्य देशों के लिये बाध्यकारी निर्णय लेने हेतु सशक्त है।
   2. संयुक्त राष्ट्र का कोई भी सदस्य UNSC की चर्चा में भाग ले सकता है।
   3. UNSC में निर्णय सदस्यों के बहुमत के आधार पर लिये जाते हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2
   C. केवल 1 और 3
   D. 1, 2 और 3

**नोट :**

5. 'ई-रूपी" के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक प्रकार की आभासी मुद्रा है।
2. इसका उपयोग आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सेवाएँ देने के लिये किया जा सकता है।
3. निजी क्षेत्र अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में इसका लाभ उठा सकता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

6. प्रकाश प्रदूषण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'स्काईग्लो' प्रकाश प्रदूषण के घटकों में से एक है।
2. मनुष्यों, वन्यजीवों और जलवायु पर इसके पर्यावरणीय परिणाम देखने को मिलते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मिल्क फोर्टिफिकेशन प्रोजेक्ट उपभोक्ताओं में विटामिन की कमी को दूर करने के लिए शुरू की गई थी।
2. इसे भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) द्वारा FAO के सहयोग से लॉन्च किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो1 और न ही 2

8. ट्रांसजेनिक फसलों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बीटी बैंगन भारत में अनुमत एकमात्र ट्रांसजेनिक फसल है।
2. बीटी कपास एक ट्रांसजेनिक फसल है जो पिंक बॉलवर्म नामक कीट के खिलाफ विषाक्त प्रोटीन पैदा करती है।
3. फसल में आनुवंशिक संशोधन डीएमएच-11 सरसों सक्षम स्वपरागण है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

9. हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी रेल मार्ग हाल ही में चर्चा में रहा है। यह भारत को निम्नलिखित में से किस पड़ोसी देश से जोड़ता है?

A. पाकिस्तान
B. श्रीलंका
C. नेपाल
D. बांग्लादेश

नोट :

10. 'फूड फोर्टिफिकेशन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हाइपरविटामिनोसिस
2. विषाक्तता
3. आहार विविधता का नुकसान

उपरोक्त में से किस प्रभाव को फूड फोर्टिफिकेशन का प्रतिकूल प्रभाव कहा जा सकता है?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

11. हाल ही में खबरों में रहा 'लाल ज्वार' किससे संबंधित है?

A. महासागरीय अम्लीकरण
B. हानिकारक एल्गी प्रस्फुटन
C. जल चक्र का व्यवधान
D. रोगाणुरोधी प्रतिरोध में तेज़ी से वृद्धि

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषाओं को सूचीबद्ध करती है।
2. भारत की आधिकारिक भाषाओं के रुप के किसी भाषा को शामिल करने हेतु कोई निश्चित मानदंड नहीं हैं।
3. वर्ष 1992 के 71वें संशोधन अधिनियम द्वारा कश्मीरी और असमिया को भारत की आधिकारिक भाषाओं में शामिल किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 2 और 3

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. निवारक निरोध संबंधी प्रावधानों का उल्लेख भारतीय संविधान के भाग-III में किया गया है।
2. इसके तहत नज़रबंदी या निवारक निरोध के कारणों को को बंदियों को सूचित नहीं किया जाता है।
3. निवारक निरोध के खिलाफ सुरक्षा भारतीय नागरिकों के साथ-साथ विदेशी नागरिकों को भी उपलब्ध है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

14. क्रू स्पेस ट्रांसपोर्टेशन-100 (CST-100) के संदर्भ मे निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के लिएये एक मानव रहित परीक्षण उड़ान का हिस्सा है।
2. यह मिशन नासा के कमर्शियल क्रू प्रोग्राम का हिस्सा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रपति की क्षमादान शक्ति का दायरा राज्यपाल की क्षमादान शक्ति से अधिक व्यापक होता है।
2. मृत्युदंड के मामले में राष्ट्रपति और राज्यपाल दोनों को क्षमादान देने का अधिकार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

16. रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के लिये नई नीतियों और पूंजी अधिग्रहण के संबंध में निर्णय लेता है।
2. यह भारतीय तटरक्षक बल के लिए भी निर्णय लेता है।
3. केंद्रीय रक्षा मंत्री DAC के अध्यक्ष हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता नियम के अनुसार भारत में सूचीबद्ध सभी कंपनियों के पास अपने इक्विटी शेयरों का कम-से-कम 25% जनता के पास होना चाहिये।
2. MPS में सार्वजनिक शेयरधारक व्यक्ति के साथ-साथ वित्तीय संस्थान भी हो सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

18. 'भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड' (SEBI) को निम्नलिखित में से किस प्रकार के निकाय के रूप में वर्णित किया जा सकता है:

1. वैधानिक निकाय
2. अर्द्ध-विधायी निकाय
3. अर्द्ध-न्यायिक निकाय

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

नोट :

19. उमलिंग ला दर्रा निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को जोड़ता है?

A. स्पीति घाटी और पार्वती घाटी

B. लद्दाख में चिसुमले और डेमचोक

C. लेह और लाहौली

D. कश्मीर घाटी और पीर पंजाल रेंज

20. 'स्विन्होज़ सॉफ्टशेल टर्टल' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वियतनाम में इसका बहुत बड़ा सांस्कृतिक महत्त्व है।
2. यह सीफ्लोर बायोसिस्टम को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है
3. इसकी IUCN स्थिति गंभीर रूप से संकटग्रस्त है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) संसद के एक अधिनियम के अंतर्गत स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
2. KVIC ने प्रोजेक्ट रीप्लान (प्रकृति से प्लास्टिक को कम करना) के तहत एक पुनर्नवीनीकरण प्लास्टिक-मिश्रित हस्तनिर्मित कागज विकसित किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

22. राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रम (NPCSCB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य सिविल सेवकों को सही दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान के साथ भविष्य के लिये तैयार करना है, जो न्यू इंडिया के दृष्टिकोण से संबंधित है।
2. कार्यक्रम क्षमता निर्माण को बढ़ाने के लिये लेटरल एंट्री तंत्र की अनुमति देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

23. सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. इसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।
3. इस योजना के तहत ज़िला अधिकारियों को जारी की गई धनराशि व्यपगत योग्य नहीं है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

24. संविधान संशोधन विधेयकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संविधान संशोधन विधेयक संसद के किसी भी सदन में पेश किया जा सकता है।
2. संविधान संशोधन विधेयकों को साधारण बहुमत से पारित नहीं किया जा सकता है।
3. गतिरोध की स्थिति में संयुक्त बैठक का प्रावधान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

25. चाबहार बंदरगाह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. यह फारस की खाड़ी में स्थित है।
2. यह भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुँच प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

26. अबनींद्रनाथ टैगोर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वह बंगाल स्कूल ऑफ पेंटिंग से संबंधित थे।
2. वह प्रतिष्ठित 'भारत माता' पेंटिंग के निर्माता थे।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

27. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन डरबन घोषणा, 2001 का सबसे अच्छा वर्णन करता है:

A. इसे 'नस्लवाद, नस्लीय भेदभाव, ज़ेनोफोबिया और संबंधित असहिष्णुता के खिलाफ विश्व सम्मेलन' द्वारा अपनाया गया था।
B. इस उदघोषणा ने गैर-परमाणु हथियार राज्यों द्वारा परमाणु हथियारों, विखंडनीय सामग्री और संबंधित प्रौद्योगिकी के 'प्रसार' को वैध कर दिया।
C. इसे विश्व व्यापार संगठन के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन द्वारा अपनाया गया है, इसने आवश्यक दवाओं तक बेहतर पहुँच के लिये बौद्धिक संपदा अधिकारों को दरकिनार करने में ट्रिप्स सदस्य राज्यों के लचीलेपन की पुष्टि की।
D. यह एक UNGA घोषणा है जो पृथ्वी के 370 मिलियन लोगों के इलाज हेतु एक महत्त्वपूर्ण मानक निर्धारित करती है।

नोट :

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 "जाति" के आधार पर भेदभाव को रोकता है।
2. भारत ने सभी प्रकार के नस्लीय भेदभाव (ICERD) के उन्मूलन पर अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन की पुष्टि की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत, अब तक UNSC के एक अस्थायी सदस्य के रूप में आठ बार चुना गया है।
2. भारत यूनाइटिंग फॉर कंसेंसस (UFC) समूह का सदस्य है, जो UNSC में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करता है।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

30. 'पूंजी लाभ कर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उस राशि का भुगतान उस वर्ष में करना होगा जिसमें पूंजीगत संपत्ति का हस्तांतरण होता है।
2. जब कर योग्य संपत्ति को मूल खरीद मूल्य से कम पर बेचा जाता है, तो होने वाले पूंजीगत नुकसान को घटाकर इसे कम किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

31. राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (NCLT) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत स्थापित एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय है।
2. यह नागरिक प्रक्रिया संहिता द्वारा बाध्य है।
3. NCLAT के किसी भी आदेश से व्यथित कोई भी व्यक्ति सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

नोट :

32. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| **संचार के प्रमुख समुद्री मार्ग ( SLOCs )** | **जुड़े हुए क्षेत्र** |
|---|---|
| 1. बाब अल मंदेब जलडमरूमध्य | लाल सागर और हिंद महासागर |
| 2. होर्मुजु जलडमरूमध्य | फारस की खाड़ी और हिंद महासागर |
| 3. मलक्का जलडमरूमध्य | हिंद महासागर और प्रशांत महासागर |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बाँध पुनर्वास और सुधार परियोजना (DRIP) के चरण I और II को भारत सरकार द्वारा एशियाई विकास बैंक (ADB) से प्रदान की गई वित्तीय सहायता से शुरू किया गया है।
2. धर्म सभी बांधों के लिये महत्वपूर्ण डेटा प्राप्त करने हेतु एक विकसित वेब-आधारित उपकरण है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1और न ही 2

34. भारत छोड़ो आंदोलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे अगस्त क्रांति के नाम से भी जाना जाता था।
2. महात्मा गांधी ने नागपुर के अखिल भारतीय काँन्ग्रेस अधिवेशन में इस आंदोलन की शुरुआत की।
3. अरुणा आसफ अली ने 'भारत छोड़ो' और 'साइमन गो बैक' के नारे दिये थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्होंने प्रजा सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना की।
2. वह भूदान आंदोलन से जुड़े हुए हैं।
3. उन्होंने संपूर्ण क्रांति का आह्वान किया।

उपर्युक्त कथन सबसे उपयुक्त रूप से निम्नलिखित में से किस भारतीय राजनीतिक नेता का वर्णन करते हैं।

A. विनोबा भावे
B. जयप्रकाश नारायण
C. लोकमान्य तिलक
D. एम एन रॉय

नोट :

36. निम्नलिखित में से कौन-सी समिति भारत में जनजातीय समुदायों से संबद्ध नहीं है:

1. शिवरमन समिति (1979)
2. शाशा समिति (2013)
3. भूरिया आयोग (2002-2004)
4. रोहिणी आयोग (2017)

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 4
D. 1, 3 और 4

37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC) की स्थापना विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) और UNEP द्वारा की गई थी।
2. IPCC छठी आकलन रिपोर्ट (AR6) के अनुसार सबसे अच्छी स्थिति में भी पृथ्वी का 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान होना अपरिहार्य था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ओडिशा राज्य भारत में आदिवासी आबादी की सबसे बड़ी संख्या के लिये ज़िम्मेदार है।
2. राजस्थान से पश्चिम बंगाल तक फैली केंद्रीय जनजातीय पट्टी में स्वदेशी आबादी का अधिकतम संकेंद्रण है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

39. पीएम-किसान योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की राशि सीधे छोटे और सीमांत किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित की जाती है।
2. यह भारत सरकार के 100% वित्तपोषण के साथ एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है।
3. इसे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1, 2 और 3

नोट :

40. गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) सिस्टम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. GeM एक वन-स्टॉप राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल है।
2. मंत्रालयों व केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSE) के लिए GeM से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद करना अनिवार्य है।
3. GeM के रखरखाव के लिये वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय नोडल एजेंसी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

41. 'भारत-तिब्बत सीमा पुलिस' (ITBP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत कार्यरत एक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल है।
2. ITBP को लद्दाख में काराकोरम दर्रे से लेकर सिक्किम के नाथुला तक ही सीमा सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात किया गया है।
3. ITBP को नक्सल विरोधी अभियानों और अन्य आंतरिक सुरक्षा मुद्दों के लिये भी तैनात किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 3

42. वैश्विक युवा तंबाकू सर्वेक्षण (GYTS-4) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह WHO द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से आयोजित किया जाता है।
2. सर्वेक्षण के अनुसार, पिछले एक दशक में भारत में 13-15 वर्ष के स्कूली बच्चों में तंबाकू के सेवन में लगभग 40% की गिरावट देखी गई है।
3. स्कूल जाने वाले बच्चों में तंबाकू का सेवन अरुणाचल प्रदेश और मिज़ोरम में सबसे ज्यादा था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पाम तेल वर्तमान में भारत और विश्व का सबसे अधिक खपत होने वाला वनस्पति तेल है।
2. भारत के पाम तेल निर्यात में कुल वनस्पति तेल निर्यात का 50% से अधिक शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

44. 'एशियाई शेर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह IUCN रेड लिस्ट के तहत 'गंभीर रूप से संकटग्रस्त' है।
2. गुजरात में गिर वन इसका एकमात्र प्राकृतिक आवास है।
3. प्रोजेक्ट लायन को 2020 में एशियाई शेर के संरक्षण के लिए लॉन्च किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

45. उज्ज्वला 2.0 योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य बीपीएल परिवारों को जमा-मुक्त एलपीजी कनेक्शन और पहले रिफिल प्रदान करना है।
2. इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

46. अगलेगा (Agalega) द्वीप हाल ही में चर्चा में रहा है। इसमें हिंद महासागर में निम्नलिखित में से किस देश के साथ भारत का समझौता है?

A. सेशल्स
B. श्रीलंका
C. मालदीव
D. मॉरीशस

47. सार्वजनिक उद्यम (PE) सर्वेक्षण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSE) पर सूचना का एकमात्र सबसे बड़ा स्रोत है।
2. यह भारी उद्योग मंत्रालय के सार्वजनिक उद्यम विभाग (DPE) द्वारा जारी किया गया है।
3. इसे नई आर्थिक नीति, 1991 के एक भाग के रूप में शुरू किया गया था।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बायोमेथेनेशन का आशय ऐसी प्रकिया से है जिसके द्वारा कार्बनिक पदार्थों को अवायवीय परिस्थितियों में सूक्ष्मजैविक रूप से बायोगैस में परिवर्तित किया जाता है।
2. नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और UNIDO ने अपशिष्ट से ऊर्जा संबंधी बायोमेथेनेशन परियोजनाओं और अभिनव व्यापार मॉडल के लिये वित्तीय सहायता प्रदान 'इंटरेस्ट सबवेंशन योजना' शुरू की है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

49. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ब्रह्मपुत्र घाटी बाढ़ के मैदान में सबसे बड़ा अविच्छिन्न क्षेत्र है।
2. विश्व में एक सींग वाले गैंडे का सर्वाधिक घनत्व काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में ही है।
3. यह यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में से एक के रूप में सूचीबद्ध है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

50. भीलों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भील मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक राज्यों से जुड़े हुए हैं।
2. राजस्थान में मीणा के बाद भील दूसरी सबसे बड़ी जनजाति है।
3. राजस्थान में भीलों को अनुसूचित जनजाति के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1 और 2

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक निष्क्रिय अवस्था है जो गहरी नींद जैसी होती है।
2. शरीर का तापमान कम हो जाता है और श्वास और हृदय गति धीमी हो जाती है।
3. इसे ध्रुवीय भालू, कृन्तकों और चमगादड़ों में देखा जा सकता है।

उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किस जैविक प्रक्रिया का सर्वोत्तम वर्णन करते हैं?

A. पुष्पदलविन्यास
B. लैंगिक द्विरूपता
C. क्रोमोमिस्म
D. शीत निष्क्रियता

52. शरणार्थियों की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन 1951 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह शरणार्थियों को विदेशी नागरिकों के रूप में परिभाषित करता है जो वैध यात्रा दस्तावेज़ों के बिना देश में प्रवेश करते हैं।
2. भारत इस कन्वेंशन का एक हस्ताक्षरकर्त्ता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCLOS) आधार रेखा से 12 समुद्री मील की दूरी को विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ) के रूप में परिभाषित करता है।.
2. इंटरनेशनल सीबेड अथॉरिटी (ISA) को UNCLOS के तहत अंतर्राष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में सभी खनिज संबंधी गतिविधियों को व्यवस्थित, विनियमित और नियंत्रित करने हेतु अनिवार्य/अधिदिष्ट किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

54. 'पलेर्मो कन्वेंशन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित बहुपक्षीय संधि है।
2. यह अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र प्रायोजित बहुपक्षीय संधि है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. भारतीय चुनाव आयोग (ECI) की स्थापना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत की गई थी।
2. ECI में वर्तमान में एक मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) और दो चुनाव आयुक्त (EC) शामिल हैं।
3. वर्ष 1989 में संसद के एक अधिनियम के माध्यम से ECI को एक बहु-सदस्यीय निकाय बनाया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

56. 'ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड' (GLOF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. यह तब होता है जब ग्लेशियर मोराइन द्वारा बांधा गया पानी अचानक छोड़ दिया जाता है।
2. जलवायु परिवर्तन ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड की घटना को कम कर रहा है।

**नोट :**

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

57. निम्नलिखित में से कौन-से हिमनदों के निक्षेपण स्थलरूप हैं?

1. सर्क
2. हॉर्न और सिरिटेड कटक
3. मोराइन
4. एस्कर्स

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3 और 4

D. 1, 2 और 4

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है।
2. अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस प्रत्येक वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा 12 अगस्त को मनाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. असम, भारत में ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क का एकमात्र ज्ञात प्रजनन स्थल है।
2. ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क को IUCN रेड लिस्ट में लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बैलिस्टिक मिसाइल एक रॉकेट-चालित स्व-निर्देशित रणनीतिक-हथियार प्रणाली है।
2. भारत 'बैलिस्टिक मिसाइल प्रसार के खिलाफ हेग आचार संहिता' का एक हस्ताक्षरकर्त्ता है।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

## व्याख्या भाग-1

1.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) की गणना में निम्नलिखित 8 क्षेत्रों के आँकड़ों को मापा जाता है। आठ प्रमुख क्षेत्रों में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में शामिल मदों के भार का 40.27 प्रतिशत शामिल है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा मासिक रूप से संकलित और प्रकाशित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- आठ-कोर क्षेत्र उद्योग जिन्हें IIP के तहत उनके भार के घटते क्रम में मापा जाता है:
  - रिफाइनरी उत्पाद> बिजली> स्टील> कोयला> कच्चा तेल> प्राकृतिक गैस> सीमेंट> उर्वरक। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

2.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पैंगोलिन, जिसे बड़ा चींटीखोर भी कहा जाता है, एक लम्बा, कवचधारी कीटभक्षी स्तनपायी है।
  - पैंगोलिन की आठ प्रजातियों में से इंडियन पैंगोलिन और चीनी पैंगोलिन भारत में पाए जाते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इंडियन पैंगोलिन व्यापक रूप से शुष्क क्षेत्रों, उच्च हिमालय एवं पूर्वोत्तर को छोड़कर शेष भारत में पाया जाता है। यह प्रजाति बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल और श्रीलंका में भी पाई जाती है। **अत: कथन 1 सही है**
    - चीनी पैंगोलिन पूर्वी नेपाल में हिमालय की तलहटी क्षेत्र में, भूटान, उत्तरी भारत, उत्तर-पूर्वी बांग्लादेश और दक्षिणी चीन में पाया जाता है।
- अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (International Union for Conservation of Nature-IUCN) की रेड लिस्ट में इंडियन पैंगोलिन को संकटग्रस्त (Endangered), जबकि चीनी पैंगोलिन को गंभीर संकटग्रस्त (Critically Endangered) की श्रेणी में रखा गया है। **अत: कथन 3 सही है।**
- इन दोनों प्रजातियों को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के भाग-I की अनुसूची-I के तहत सूचीबद्ध किया गया है।
- CITES: सभी पैंगोलिन प्रजातियों को 'लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन' (CITES) के परिशिष्ट-I में सूचीबद्ध किया गया है।

3.

**उत्तर: C**

**व्याख्या :**

- ओज़ोन (ऑक्सीजन के तीन परमाणुओं से बनी) एक गैस है जो पृथ्वी के ऊपरी वायुमंडल और ज़मीनी स्तर दोनों में होती है। ओज़ोन स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिये "अच्छा" या "बुरा" हो सकती है, जो वायुमंडल में इसकी स्थिति पर निर्भर करती है।
- पृथ्वी के समताप मंडल की परत में मौजूद 'अच्छी' ओज़ोन मानव को हानिकारक पराबैंगनी (UV) विकिरण से बचाती है, जबकि ज़मीनी स्तर का ओज़ोन अत्यधिक प्रतिक्रियाशील है और मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है परन्तु कथन 2 सही है।**
  - ज़मीनी स्तर की ओज़ोन श्वसन और अस्थमा से पीड़ित लोगों के लिये खतरनाक है।
- ज़मीनी स्तर के ओजोन एक रंगहीन और दृश्यता को कम करने वाली गैस है जो पृथ्वी की सतह के ठीक ऊपर बनती है।

नोट :

- इसे "द्वितीयक" प्रदूषक कहा जाता है क्योंकि यह तब उत्पन्न होता है जब दो प्राथमिक प्रदूषक सूर्य के प्रकाश और स्थिर हवा में प्रतिक्रिया करते हैं।
    - ये दो प्राथमिक प्रदूषक नाइट्रोजन ऑक्साइड (NOx) और वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (VOCs) हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**4.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या**

- संयुक्त राष्ट्र चार्टर ने UNSC सहित संयुक्त राष्ट्र के छह मुख्य अंगों की स्थापना की। संयुक्त राष्ट्र चार्टर का अनुच्छेद 23 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद' की संरचना से संबंधित है।
    - 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद' को अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने की प्राथमिक ज़िम्मेदारी दी गई है और जब भी वैश्विक शांति पर कोई खतरा उत्पन्न होता है तब परिषद की बैठक आयोजित की जाती है।
    - यद्यपि संयुक्त राष्ट्र के अन्य अंग सदस्य राज्यों के लिये सिफारिशें करते हैं, किंतु सुरक्षा परिषद के पास सदस्य देशों के लिये निर्णय लेने और बाध्यकारी प्रस्ताव जारी करने की शक्ति होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - परिषद का मुख्यालय न्यूयॉर्क में स्थित है।
- UNSC का गठन 15 सदस्यों (5 स्थायी और 10 गैर-स्थायी) द्वारा किया जाता है।
    - पाँच स्थायी सदस्य: अमेरिका, ब्रिटेन, फ्राँस, रूस और चीन।
    - दस गैर-स्थायी सदस्य: इन्हें महासभा द्वारा दो वर्ष के कार्यकाल के लिये चुना जाता है।
- UNSC में मतदान और चर्चा:
    - सुरक्षा परिषद के प्रत्येक सदस्य का एक मत होता है। सभी मामलों पर सुरक्षा परिषद के निर्णय स्थायी सदस्यों सहित नौ सदस्यों के सकारात्मक मत द्वारा किये जाते हैं, जिसमें सदस्यों की सहमति अनिवार्य है।
        - पाँच स्थायी सदस्यों में से यदि कोई एक भी प्रस्ताव के विपक्ष में वोट देता है तो वह प्रस्ताव पारित नहीं होता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - संयुक्त राष्ट्र का कोई भी सदस्य जो सुरक्षा परिषद का सदस्य नहीं है, बिना वोट के सुरक्षा परिषद के समक्ष लाए गए किसी भी प्रश्न की चर्चा में भाग ले सकता है, यदि सुरक्षा परिषद को लगता है कि उस विशिष्ट मामले के कारण उस सदस्य के हित विशेष रूप से प्रभावित होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**5.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- डिजिटल पेमेंट हेतु यह एक कैशलेस और कॉन्टैक्टलेस तरीका है। यह एक त्वरित प्रतिक्रिया (QR) कोड या एसएमएस स्ट्रिंग-आधारित ई-वाउचर है, जो उपयोगकर्त्ताओं के मोबाइल पर भेजा जाता है।
    - उपयोगकर्त्ता कार्ड, डिजिटल भुगतान एप या इंटरनेट बैंकिंग एक्सेस की आवश्यकता के बिना इस वाउचर को भुनाने में सक्षम होंगे।
    - यह सेवाओं के प्रायोजकों को बिना किसी भौतिक इंटरफेस के डिजिटल मोड में लाभार्थियों और सेवा प्रदाताओं के साथ जोड़ता है।
    - तंत्र यह भी सुनिश्चित करता है कि लेन-देन पूरा होने के बाद ही सेवा प्रदाता को भुगतान किया जाए।
    - सिस्टम प्री-पेड प्रकृति का है और इसलिये किसी भी मध्यस्थ के बिना सेवा प्रदाता को समय पर भुगतान का आश्वासन देता है।
- वास्तव में ई-रूपी अभी भी मौजूदा भारतीय रुपए द्वारा समर्थित है क्योंकि अंतर्निहित परिसंपत्ति और इसके उद्देश्य की विशिष्टता इसे एक आभासी मुद्रा से अलग बनाती है तथा इसे वाउचर-आधारित भुगतान प्रणाली के करीब रखती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- इससे कल्याण सेवाओं की लीक-प्रूफ डिलीवरी (Leak-Proof Delivery) सुनिश्चित होने की उम्मीद है और इसका उपयोग आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, उर्वरक सब्सिडी आदि योजनाओं के तहत मातृ एवं बाल कल्याण योजनाओं, दवाओं व निदान के तहत दवाएँ तथा पोषण सहायता प्रदान करने हेतु योजनाओं के तहत सेवाएँ देने के लिये भी किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यहाँ तक कि निजी क्षेत्र भी अपने कर्मचारी कल्याण और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में इन डिजिटल वाउचर का लाभ उठा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**6.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कृत्रिम प्रकाश का अनुचित या अत्यधिक उपयोग - प्रकाश प्रदूषण (LP) के रूप में जाना जाता है।
- स्काईग्लो शहरों में और उनके आस-पास रात के समय आकाश में प्रकाश की एक सर्वव्यापी चादर है। प्रकाश प्रदूषण के घटकों में शामिल हैं:
    - चकाचौंध (Glare): अत्यधिक चमक जो दृश्यता में अवरोध का कारण बनती है।
    - स्काईग्लो (Skyglow): रिहायशी इलाकों में रात में आसमान का चमकना।
    - प्रकाश अतिचार (Light Trespass): प्रकाश का उस स्थान पर गिरना जहाँ इसकी आवश्यकता नहीं हो।
    - अव्यवस्थित (Clutter): प्रकाश स्रोतों का चमकीला, भ्रमित और अत्यधिक समूह। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रकाश प्रदूषण के निम्नलिखित तरीकों से मानव, वन्य जीवन और जलवायु के लिये गंभीर पर्यावरणीय परिणाम हो सकते हैं:
    - पारिस्थितिकी तंत्र और वन्य जीवन को बाधित करना: प्रजनन, पोषण, नींद और शिकारियों से सुरक्षा जैसे जीवन-निर्वाह व्यवहारों को नियंत्रित करने हेतु पौधे व जानवर पृथ्वी पर दिन एवं रात के प्रकाश दैनिक चक्र पर निर्भर करते हैं।
    - मानव स्वास्थ्य को नुकसान: पृथ्वी पर अधिकांश जीवों की तरह मनुष्य एक सर्केडियन विधि का पालन करते हैं जिसे हम जैविक घड़ी या दिन-रात चक्र द्वारा शासित नींद-जागने के एक पैटर्न के रूप में उपयोग करते हैं। रात में कृत्रिम प्रकाश उस चक्र को बाधित कर सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**7.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या :**

- मिल्क फोर्टिफिकेशन प्रोजेक्ट उपभोक्ताओं में विटामिन की कमी को दूर करने के लिये शुरू की गई थी। पिछले दो वर्षों में इसमें उल्लेखनीय प्रगति देखी है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - देश के 20 राज्यों में लगभग 25 दुग्ध संघ, उत्पादक कंपनियाँ या दुग्ध संघ प्रतिदिन लगभग 55 लाख लीटर दूध का उत्पादन कर रहे हैं।
    - NDDB और FSSAI (भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण) द्वारा विकसित मानक संचालन प्रक्रियाओं (SOP) के अनुसार फोर्टिफिकेशन की जा रही है।
- वर्ष 2017 में मिल्क फोर्टिफिकेशन प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) द्वारा विश्व बैंक तथा टाटा ट्रस्ट के सहयोग से एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इस परियोजना का लक्ष्य लगभग दो मिलियन टन फोर्टिफाइड दूध को संसाधित करना है, जो लगभग 30 मिलियन उपभोक्ताओं तक पहुँचेगा।
    - परियोजना की अवधि 23 महीने है। इसे विश्व बैंक द्वारा प्रशासित दक्षिण एशिया खाद्य और पोषण सुरक्षा पहल (SAFANSI) द्वारा वित्तपोषित किया जाता है।

8.

उत्तर: B

व्याख्या:

- एक जीएम या ट्रांसजेनिक फसल ऐसी फसल है जिसमें आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से प्राप्त आनुवंशिक सामग्री का एक नया संयोजन होता है।
    - उदाहरण के लिये किसी जीएम फसल में एक ऐसा जीन हो सकता है जिसे परागण के माध्यम से प्राप्त करने के बजाय पौधे में कृत्रिम रूप से डाला गया हो।
- बीटी कपास (Bt Cotton) एकमात्र जीएम फसल है जिसकी भारत में अनुमति है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - इसमें जीवाणु बैसिलस थुरिंजिनेसिस (Bt) के विदेशी जीन होते हैं जो फसल को सामान्य कीट पिंक बॉलवर्म (Pink Bollworm) के लिये एक प्रोटीन विषाक्त विकसित करने की अनुमति देता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - हर्बिसाइड टॉलरेंट बीटी (Herbicide Tolerant- Ht Bt) कपास, एक अन्य मृदा के जीवाणु से एक अतिरिक्त जीन के सम्मिलन से प्राप्त होता है, जो पौधे को सामान्य हर्बिसाइड ग्लाइफोसेट का विरोध करने की अनुमति देता है।
- बीटी बैंगन (Bt Brinjal) में एक जीन पौधे को फल और प्ररोह बेधक के हमलों का विरोध करने की अनुमति देता है।
- DMH-11 सरसों में, आनुवंशिक संशोधन एक ऐसी फसल में पर-परागण की अनुमति देता है जो प्रकृति में स्व-परागण करती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

9.

उत्तर: D

व्याख्या :

हाल ही में भारत और बांग्लादेश के बीच 50 वर्षों से अधिक समय से बंद पड़े हल्दीबाड़ी - चिलाहाटी रेलवे मार्ग की बहाली के माध्यम से मालगाड़ियों का नियमित संचालन शुरू किया गया, जो दोनों देशों के बीच रेलवे संपर्क और द्विपक्षीय व्यापार को मज़बूत करेगा।

- हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी रेल लिंक एक ऐसा मार्ग है जो वर्ष 1965 तक संचालन में था।
- वर्ष 2021 के समाप्ति तक अगरतला-अखौरा के बीच एक और रेल लिंक का संचालन किया जाएगा।
- हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी मार्ग से बांग्लादेश से असम और पश्चिम बंगाल की कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलने की अपेक्षा है।
- यह क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिये क्षेत्रीय व्यापार में वृद्धि का समर्थन करने हेतु मुख्य बंदरगाहों एवं शुष्क बंदरगाहों तक रेल नेटवर्क पहुँच को बढ़ाएगा। **अतः विकल्प D सही है।**

10.

उत्तर: D

व्याख्या:

- मेडिकल जर्नल 'लैंसेट' और 'अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन' में प्रकाशित हाल के अध्ययनों से पता चलता है कि एनीमिया तथा विटामिन ए की कमी दोनों की नैदानिक मात्रा अधिक होती है, जिसका अर्थ है कि अनिवार्य फोर्टिफिकेशन से 'हाइपरविटामिनोसिस' हो सकता है।
    - हाइपरविटामिनोसिस विटामिन के असामान्य रूप से उच्च भंडारण स्तर की स्थिति है, जो विभिन्न लक्षणों जैसे कि अत्यधिक उत्तेजना, चिड़चिड़ापन या यहाँ तक कि विषाक्तता को जन्म दे सकती है।
- भारत में अल्पपोषण सब्जियों और पशु प्रोटीन की कम खपत वाले अनाज आधारित आहार के कारण होता है।
    - एक या दो सिंथेटिक रासायनिक विटामिन और खनिजों को जोड़ने से बड़ी समस्या का समाधान नहीं होगा तथा अल्पपोषित आबादी में विषाक्तता हो सकती है।

नोट :

- वर्ष 2010 के एक अध्ययन में बताया गया है कि कुपोषित बच्चों में आयरन फोर्टिफिकेशन के कारण आँत में सूजन और रोगजनक आँत माइक्रोबायोटा प्रोफाइल की स्थिति उत्पन्न होती है।

- जब से एनीमिया के उपचार हेतु आयरन युक्त फोर्टिफाइड चावल बाज़ार में बेचा जाने लगा, तब से इसने प्राकृतिक रूप से उपलब्ध कुछ लौह युक्त खाद्य पदार्थों, जैसे- बाजरा, हरी पत्तीदार सब्जियों की किस्में, मांस व अन्य खाद्य पदार्थों के बाज़ार को नीतिगत् रुप से सीमित कर दिया है।
  - इससे आहार विविधता का नुकसान होता है, जो कुपोषण से लड़ने का एक स्वस्थ और अधिक लागत प्रभावी तरीका है। **अतः विकल्प D सही है।**

**11.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हानिकारक एल्गी प्रस्फुटन (HABs) की प्रक्रिया तब होती है जब शैवाल समूह नियंत्रण से बाहर हो जाते हैं और व्यक्तियों, मछलियों, शंख, समुद्री स्तनधारियों तथा पक्षियों पर विषाक्त या हानिकारक प्रभाव पैदा करते हैं।
  - जबकि कई लोग इन ब्लूम्स को 'लाल ज्वार' कहते हैं, वैज्ञानिक इसके लिये हानिकारक 'एल्गी प्रस्फुटन' शब्द का प्रयोग अधिक करते हैं।
- अमेरिका में सबसे प्रसिद्ध HABs की घटना फ्लोरिडा के खाड़ी तट पर लगभग हर गर्मियों में घटित होती है।
  - इस प्रकार का 'ब्लूम' डाइनोफ्लैगलेट की एक प्रजाति के कारण होता है जिसे करेनिया ब्रेविस के नाम से जाना जाता है।
- दूसरी ओर, मीठे पानी की झीलों और जलाशयों में ब्लूम आमतौर पर नीले-हरे शैवाल (सायनोबैक्टीरिया के रूप में भी जाना जाता है) के कारण होता है।
  - नील-हरित शैवाल प्रस्फुटन का कृषि और शहरी अपवाह से सीधा संबंध है। पोषक तत्त्व प्रदूषण साइनोबैक्टीरिया के विकास को प्रोत्साहित करता है। **अतः विकल्प B सही है।**

**12.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- इस अनुसूची में भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषाओं को सूचीबद्ध किया गया है। भारतीय संविधान के भाग XVII में अनुच्छेद 343 से 351 तक शामिल अनुच्छेद आधिकारिक भाषाओं से संबंधित हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - हालाँकि यह ध्यान देने योग्य है कि किसी भी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिये कोई निश्चित मानदंड निर्धारित नहीं है। **अतः कथन 2 सही है।**
- संविधान की आठवीं अनुसूची में निम्नलिखित 22 भाषाएँ शामिल हैं:
  - असमिया, बांग्ला, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओडिया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगू, उर्दू, बोडो, संथाली, मैथिली और डोगरी।
  - इन भाषाओं में से 14 भाषाओं को संविधान के प्रारंभ में ही शामिल कर लिया गया था।
    - वर्ष 1967 में सिंधी भाषा को 21वें सविधान संशोधन अधिनियम द्वारा आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था।
    - वर्ष 1992 में 71वें संशोधन अधिनियम द्वारा कोंकणी, मणिपुरी और नेपाली को शामिल किया गया।
    - वर्ष 2003 में 92वें सविधान संशोधन अधिनियम जो कि वर्ष 2004 से प्रभावी हुआ, द्वारा बोडो, डोगरी, मैथिली और संथाली को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया।
  - असमिया और कश्मीरी को भारत की राजभाषाओं के रुप में शुरू से ही शामिल किया गया था न कि किसी संशोधन के बाद। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**13.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 22 गिरफ्तार या हिरासत (निरोध) में लिये गए व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान करता है। निरोध दो प्रकार का होता है- दंडात्मक और निवारक। **अतः कथन 1 सही है।**
  - दंडात्मक निरोध का आशय किसी व्यक्ति को उसके द्वारा किये गए अपराध के लिये अदालत में मुकदमे और दोषसिद्धि के बाद दंडित करने से है।
  - वहीं दूसरी ओर, निवारक निरोध का अर्थ किसी व्यक्ति को बिना किसी मुकदमे और अदालत द्वारा दोषसिद्धि के हिरासत में लेने से है।
- अनुच्छेद 22 निवारक निरोध के खिलाफ कुछ अधिकार प्रदान करता है। यह सुरक्षा भारतीय नागरिकों के साथ-साथ बाह्य व्यक्ति या विदेशी नागरिकों दोनों के लिये भी उपलब्ध है। **अतः कथन 3 सही है।**
- नज़रबंदी के आधारों या कारणों के बारे में नज़रबंद व्यक्ति को सूचित किया जाना चाहिये। तथापि जनहित के विरुद्ध माने जाने वाले तथ्यों को प्रकट करने की आवश्यकता नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**14.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में चालक रहित बोइंग के स्टारलाइनर ऑर्बिटल फ्लाइट टेस्ट-2 (OFT-2) की लॉन्चिंग को एक बार फिर टाल दिया गया है।
  - अंतरिक्षयान, जिसे क्रू स्पेस ट्रांसपोर्टेशन-100 (CST-100) कहा जाता है, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) हेतु एक मानव रहित परीक्षण उड़ान का हिस्सा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह मिशन नासा के कमर्शियल क्रू प्रोग्राम का हिस्सा है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - CST-100 अंतरिक्षयान को 'लो अर्थ ऑर्बिट' में मिशन के लिये सात यात्रियों या चालक दल और कार्गो के मिश्रण को समायोजित करने हेतु डिज़ाइन किया गया है।
  - यह मिशन ISS के लिये नासा द्वारा प्रायोजित मिशनों में से एक है तथा यह चार चालक दल के सदस्यों के साथ कम समय में महत्त्वपूर्ण वैज्ञानिक अनुसंधान में सहायता करेगा।
  - स्टारलाइनर अंतरिक्षयान 400 पाउंड से ज़्यादा के नासा के कार्गो और चालक दल को अंतरिक्ष स्टेशन तक ले जाएगा।
  - स्टारलाइनर में एक नई, वेल्डलेस (weldless) संरचना विद्यमान है जिसे छह महीने के टर्नअराउंड समय (Turnaround Time) में 10 बार पुनः प्रयोग किया जा सकता है।

**15.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

राष्ट्रपति और राज्यपाल की क्षमादान शक्तियों के बीच अंतर:

- अनुच्छेद 72 के तहत राष्ट्रपति की क्षमादान शक्ति का दायरा अनुच्छेद 161 के तहत राज्यपाल की क्षमादान शक्ति से अधिक व्यापक है जो निम्नलिखित दो तरीकों से भिन्न है:
  - कोर्ट मार्शल के तहत राष्ट्रपति सज़ा प्राप्त व्यक्ति की सजा माफ कर सकता है परंतु अनुच्छेद 161 राज्यपाल को ऐसी कोई शक्ति प्रदान नहीं करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - राष्ट्रपति उन सभी मामलों में क्षमादान दे सकता है जहाँ दी गई सजा मौत की सजा है लेकिन राज्यपाल की क्षमादान शक्ति मौत की सजा के मामलों तक विस्तारित नहीं होती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**16.**

**उत्तर : D**

**व्याख्या :**

- रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) तीन सेवाओं (सेना, नौसेना और वायु सेना) और भारतीय तटरक्षक बल के लिये नई नीतियों और पूंजी अधिग्रहण संबंधी मामलों पर निर्णय लेने वाली रक्षा मंत्रालय की सर्वोच्च संस्था है। **अतः कथन 1 और 2 सही हैं।**
- DAC की अध्यक्षता रक्षा मंत्री द्वारा की जाती है। **अतः कथन 3 सही है।**
- वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध के बाद "राष्ट्रीय सुरक्षा प्रणाली में सुधार" पर मंत्रियों के समूह की सिफारिशों के बाद 2001 में रक्षा अधिग्रहण परिषद का गठन किया गया था।

**17.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- MPS (जिसे फ्री फ्लोट भी कहा जाता है) नियम के लिये भारत में सभी सूचीबद्ध कंपनियों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि उनके इक्विटी शेयरों का कम-से-कम 25% गैर-प्रवर्तकों, अर्थात् जनता के पास है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सार्वजनिक शेयरधारक व्यक्तिगत या वित्तीय संस्थान हो सकते हैं और वे आमतौर पर सार्वजनिक पेशकश या द्वितीयक बाज़ारों के माध्यम से शेयरों की खरीद करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता की अवधारणा सूचीबद्ध कंपनियों के कामकाज में अधिक पारदर्शिता लाने हेतु पेश की गई थी।
  - वर्ष 2010 में सेबी ने निजी क्षेत्र की कंपनियों के लिये 25% सार्वजनिक फ्लोट पर ज़ोर देने हेतु प्रतिभूति अनुबंध विनियमन नियमों में संशोधन किया।
- भारत में औसत प्रमोटर होल्डिंग (Promoter Holding) वैश्विक स्तर पर सबसे ज़्यादा है।
  - वर्ष 2019-20 के बजट में सरकार ने न्यूनतम सार्वजनिक फ्लोट (Minimum Public Float) को 25% से बढ़ाकर 35% करने का प्रस्ताव किया था।

**18.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या**

- सेबी, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 के प्रावधानों के तहत अप्रैल 1992 में स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
  - भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड का मूल कार्य प्रतिभूतियों में निवेशकों के हितों की रक्षा करना और प्रतिभूति बाज़ार को बढ़ावा देना एवं विनियमित करना है।
- अप्रैल 1988 में भारत सरकार के एक प्रस्ताव के तहत सेबी का गठन भारत में पूंजी बाज़ार के नियामक के रूप में किया गया था।
  - प्रारंभ में सेबी एक गैर-वैधानिक निकाय था जिसे किसी भी तरह की वैधानिक शक्ति प्राप्त नहीं थी।
  - सेबी अधिनियम, 1992 के माध्यम से यह एक स्वायत्त निकाय बना तथा इसे वैधानिक शक्तियाँ प्रदान की गईं।
- सेबी एक अर्द्ध-विधायी और अर्द्ध-न्यायिक निकाय भी है जो विनियमों का मसौदा तैयार कर सकता है, पूछताछ कर सकता है, नियम पारित कर सकता है तथा ज़ुर्माना लगा सकता है।
- यह तीन श्रेणियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये कार्य करता है-
  - जारीकर्त्ता- एक बाज़ार उपलब्ध कराके जिसमें जारीकर्त्ता अपना वित्त बढ़ा सकते हैं।
  - निवेशक- सही और सटीक जानकारी की आपूर्ति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करके।
  - मध्यवर्ती/बिचौलिये- बिचौलियों के लिये एक प्रतिस्पर्द्धी पेशेवर बाज़ार को सक्षम करके। **अतः विकल्प D सही है।**

नोट :

19.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- हाल ही में सीमा सड़क संगठन (BRO) ने 19,300 फीट की ऊँचाई पर स्थित पूर्वी लद्दाख में उमलिंग ला दर्रे पर दुनिया के सबसे ऊँचे मोटर योग्य मार्ग पर ब्लैकटॉपिंग का निर्माण और पूरा किया है।
- 'प्रोजेक्ट हिमांक' के तहत बनी यह रणनीतिक सड़क 'उमलिंग ला' टॉप से होकर गुजरती है और चिसुमले और डेमचोक गाँवों को जोड़ती है।
- यह सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करेगा और लद्दाख में पर्यटन को बढ़ावा देगा।
- इस सड़क का निर्माण कर बीआरओ ने ऊँचाई पर स्थित सड़क निर्माण में कीर्तिमान स्थापित किया है। **अत: विकल्प B सही है।**

20.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- स्विन्होज़ सॉफ्टशेल टर्टल को 'होन कीम टर्टल' (Hoan Kiem Turtle) या 'यांग्त्ज़ी जिआंट सॉफ्टशेल टर्टल' (Yangtze Giant Softshell Turtle) के रूप में भी जाना जाता है।
  - वियतनाम में इन जानवरों का बहुत अधिक सांस्कृतिक महत्त्व है क्योंकि हनोई में लोग इस प्राणी को एक जीवित देवता के रूप में मानते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- कुछ शोधकर्त्ताओं ने 'सीफ्लोर बायोसिस्टम' के संदर्भ में इनके महत्व पर प्रकाश डाला है, जहाँ ये मिट्टी के पोषक तत्त्वों को समृद्ध करके और बीज प्रकीर्णन को सुविधाजनक बनाकर योगदान करते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- संरक्षण की स्थिति:
  - IUCN रेड लिस्ट: गंभीर रूप से संकटग्रस्त
  - CITES: परिशिष्ट II **अत: कथन 3 सही है।**

21.

उत्तर : C

**व्याख्या :**

- हाल ही में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) ने प्लास्टिक के प्रयोग से निजात पाने के लिये प्राकृतिक रूप से विकसित अपने प्लास्टिक मिश्रित हस्तनिर्मित कागज़ हेतु पेटेंट पंजीकरण किया है।
  - प्लास्टिक-मिश्रित हस्तनिर्मित कागज़ (जो पुन: प्रयोज्य और पर्यावरण के अनुकूल है) को प्रोजेक्ट रीप्लान (प्रकृति से प्लास्टिक को कम करना) के तहत विकसित किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- स्वच्छ भारत अभियान के लिये KVIC की प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में इस परियोजना को सितंबर 2018 में लॉन्च किया गया था।
- खादी और ग्रामोद्योग आयोग 'खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम,1956' के तहत एक सांविधिक निकाय (Statutory Body) है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ भी आवश्यक हो, अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर खादी एवं ग्रामोद्योगों की स्थापना तथा विकास के लिये योजनाएँ बनाना, उनका प्रचार-प्रसार करना तथा सुविधाएँ एवं सहायता प्रदान करना है।
  - यह भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (Ministry of MSME) के अंतर्गत कार्य करता है।

नोट :

22.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- यह राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता विकास कार्यक्रम (National Programme for Civil Services Capacity Building- NPCSCB) है। यह कुशल सार्वजनिक सेवा वितरण के लिये व्यक्तिगत, संस्थागत और प्रक्रिया स्तरों पर क्षमता निर्माण तंत्र में व्यापक सुधार है।
- इसका उद्देश्य भारतीय सिविल सेवकों को और भी अधिक रचनात्मक, सृजनात्मक, विचारशील, नवाचारी, अधिक क्रियाशील, प्रगतिशील, ऊर्जावान, सक्षम, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी समर्थ बनाते हुए भविष्य के लिये तैयार करना है जो न्यू इंडिया की दृष्टि से जुड़ा हुआ है। **अत: कथन 1 सही है।**
- लेटरल एंट्री मैकेनिज्म मिशन कर्मयोगी से अलग सार्वजनिक सेवा वितरण को बढ़ाने के लिये सुधार है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- क्षमता निर्माण iGOT-कर्मयोगी डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं से तैयार की गई सामग्री होगी।

23.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- MPLAD एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है जिसकी घोषणा दिसंबर 1993 में की गई थी।
  - इस योजना का उद्देश्य संसद सदस्यों (सांसद) को अवसंरचना के निर्माण पर ज़ोर देने के साथ स्थानीय स्तर की ज़रूरतों के आधार पर पूंजीगत प्रकृति के विकास कार्यों का सुझाव देने और निष्पादित करने में सक्षम बनाना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रारंभ में यह ग्रामीण विकास मंत्रालय के नियंत्रण में था। बाद में अक्तूबर 1994 में इसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत स्थानांतरित कर दिया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- MPLAD के तहत जिला प्राधिकारियों को जारी की गई धनराशि व्यपगत नहीं होती है, जबकि किसी विशेष वर्ष में सरकार द्वारा जारी नहीं की गई धनराशि को कैरी फॉरवर्ड किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

24.

**उत्तर: A**

**व्याख्या :**

- अनुच्छेद 368 के तहत संविधान संशोधन विधेयक संसद के किसी भी सदन में पेश किया जा सकता है। अत: कथन 1 सही है।
- संविधान में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, संविधान संशोधन विधेयक तीन प्रकार के हो सकते हैं।
  - प्रत्येक को सदन में पारित होने के लिये साधारण बहुमत की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - प्रत्येक को सदन में पारित होने के लिये विशेष बहुमत की आवश्यकता होती है, अर्थात् किसी सदन की कुल सदस्यता का बहुमत तथा उस सदन के उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के कम-से-कम दो-तिहाई बहुमत से (अनुच्छेद 368)।
  - उनके पारित होने के लिये विशेष बहुमत के साथ ही उन विधानमंडलों द्वारा पारित इस आशय के प्रस्तावों के माध्यम से आधे से कम राज्यों के विधानमंडलों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता होती है (अनुच्छेद 368 के खंड (2) का परंतुक)।
- धन विधेयक या संविधान संशोधन विधेयक पर संयुक्त बैठक का कोई प्रावधान नहीं है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**25.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- यह ओमान की खाड़ी पर स्थित है और पाकिस्तान में ग्वादर बंदरगाह से केवल 72 किमी दूर है जिसे चीन द्वारा विकसित किया गया है।
  - बंदरगाह ईरान के एकमात्र समुद्री बंदरगाह के रूप में कार्य करता है और इसमें शाहिद बेहेश्ती और शाहिद कलंतरी नामक दो अलग-अलग बंदरगाह शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत, ईरान को चाबहार बंदरगाह के माध्यम से भू-आबद्ध अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुँचने की कुंजी के रूप में देखता है।
  - ईरान की भौगोलिक स्थिति विशेष रूप से मध्य एशिया के लिये, जो प्राकृतिक संसाधनों का एक समृद्ध भंडार है, भारत की भू-राजनीतिक पहुँच के लिये सर्वोपरि है।
  - इसी प्रकार अफगानिस्तान में भारत की पहुँच के लिये ईरान महत्त्वपूर्ण है, जिसमें भारत के महत्त्वपूर्ण रणनीतिक और सुरक्षा हित शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**26.**

**उत्तर : C**

**व्याख्या :**

- बंगाल स्कूल ऑफ पेंटिंग पुनर्जागरण विद्यालय या पुनरुद्धारवादी स्कूल (Renaissance School or the Revivalist School) भी कहा जाता है, क्योंकि यह भारतीय कला के पहले आधुनिक आंदोलन का प्रतिनिधित्व करता था।
  - इसने भारतीय कला के महत्त्व को पुन: पहचानने और सचेत रूप से अतीत की रचनाओं से प्रेरित एक वास्तविक भारतीय कला के रूप में इसे प्रस्तुत करने का प्रयास किया।
  - इसके अग्रणी कलाकार अबनींद्रनाथ टैगोर और प्रमुख सिद्धांतकार ई.बी. हैवेल, कलकत्ता स्कूल ऑफ आर्ट के प्राचार्य थे। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस नई प्रवृत्ति के कई चित्र मुख्य रूप से भारतीय पौराणिक कथाओं और सांस्कृतिक विरासत के विषयों पर केंद्रित हैं, वे भारत में आधुनिक कला संबंधी आंदोलन तथा कला इतिहासकारों के अध्ययन के लिये महत्वपूर्ण स्रोत हैं।
  - स्वदेशी विषयों की उनकी अनूठी व्याख्या ने एक नई जागृति पैदा की और भारतीय कला के पुनरुद्धार की शुरुआत की। वह प्रतिष्ठित 'भारत माता' पेंटिंग के निर्माता थे। **अतः कथन 2 सही है।**

**27.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- डरबन डिक्लेरेशन एंड प्रोग्राम ऑफ एक्शन (2001): इसे 'नस्लवाद, नस्लीय भेदभाव, ज़ेनोफोबिया और संबंधित असहिष्णुता के खिलाफ विश्व सम्मेलन' द्वारा अपनाया गया था।
- इसने स्वीकार किया कि अफ्रीकी मूल के लोग गुलामी, दास व्यापार और उपनिवेशवाद के शिकार थे तथा इसके परिणामों के शिकार बने रहे।
  - इसने उनकी दृश्यता को बढ़ाया और राज्यों, संयुक्त राष्ट्र, अन्य अंतर्राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय निकायों तथा नागरिक समाज द्वारा की गई ठोस कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप उनके अधिकारों के प्रचार और संरक्षण की महत्त्वपूर्ण प्रगति में योगदान दिया। **अतः विकल्प A सही है।**

नोट :

**28.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- नस्लवाद का आशय ऐसी धारणा से है, जिसमें यह माना जाता है कि मनुष्यों को 'नस्ल' के रूप में अलग और विशिष्ट जैविक इकाइयों में विभाजित किया जा सकता है; इस धारणा के मुताबिक, विरासत में मिली भौतिक विशेषताओं और व्यक्तित्व, बुद्धि, नैतिकता तथा अन्य सांस्कृतिक एवं व्यावहारिक विशेषताओं के लक्षणों के बीच संबंध होता है और कुछ विशिष्ट 'नस्लें' अन्य की तुलना में बेहतर होती हैं।
    - प्राय: ज़ेनोफोबिया और नस्लवाद को एक जैसा माना जाता है, किंतु इनमें अंतर यह है कि नस्लवाद में शारीरिक विशेषताओं के आधार पर भेदभाव किया जाता है, जबकि ज़ेनोफोबिया में इस धारणा के आधार पर भेदभाव किया जाता है कि कोई विदेशी है अथवा किसी अन्य समुदाय या राष्ट्र से संबद्ध है।
- भारत में नस्लीय भेदभाव के विरुद्ध प्रावधान:
    - भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15, अनुच्छेद 16 और अनुच्छेद 29 'नस्ल', 'धर्म' तथा 'जाति' के आधार पर भेदभाव पर प्रतिबंध लगाते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
        - भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 153A भी 'नस्ल' को संदर्भित करती है।
    - भारत ने वर्ष 1968 में 'नस्लीय भेदभाव के सभी रूपों के उन्मूलन पर अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन' (ICERD) की पुष्टि की थी। **अत: कथन 2 सही है।**

**29.**

**उत्तर : A**

**व्याख्या :**

- भारत वर्तमान में (2021 और 2022 के लिये) UNSC का अस्थायी सदस्य है और अगस्त महीने के लिये अध्यक्ष है। इससे पहले भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सात बार सेवाएँ (कुल आठ बार) प्रदान कर चुका है। **अत: कथन 1 सही है।**
- आम सहमति के लिये एकजुट होना या अनौपचारिक रूप से "कॉफी क्लब" कहा जाता है, जिसमें 40 सदस्य देश शामिल हैं, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों को वापस लेने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
    - क्लब के अधिकांश सदस्य मध्यम आकार के राज्य हैं जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता को बाधित करने वाली बड़ी क्षेत्रीय शक्तियों का विरोध करते हैं।
    - क्लब के प्रमुख मूवर्स/प्रेरक में इटली, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, दक्षिण कोरिया, अर्जेंटीना और पाकिस्तान शामिल हैं।
    - इटली और स्पेन जहाँ सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिये जर्मनी के पक्ष का विरोध कर रहे हैं, वहीं पाकिस्तान भारत के पक्ष का विरोध कर रहा है।
    - जी-4 चार देशों का एक समूह है अर्थात ब्राजील, जर्मनी, भारत और जापान जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में स्थायी सदस्यता के लिये एक-दूसरे प्रस्तावों का समर्थन करते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**30.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- पूंजीगत लाभ एक पूंजीगत संपत्ति के मूल्य में वृद्धि को संदर्भित करता है और इसे तब महसूस किया जाता है जब संपत्ति बेची जाती है। यह वृद्धि या लाभ 'आय' की श्रेणी में आता है।
- इसलिये उस वर्ष में उस राशि के लिये पूंजीगत लाभ कर का भुगतान करना आवश्यक होगा जिसमें पूंजीगत संपत्ति का हस्तांतरण होता है। इसे पूंजीगत लाभ कर कहा जाता है, जो अल्पकालिक या दीर्घकालिक दोनों हो सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर: यह एक वर्ष से अधिक समय तक रखी गई संपत्ति की बिक्री से होने वाले मुनाफे पर लगाया जाता है। कर देने वाले वर्गों (Tax Bracket) के आधार पर ये दरें 0%, 15% या 20% हैं।
- लघु अवधि पूंजीगत लाभ कर: यह एक वर्ष या उससे कम समय के लिये रखी गई संपत्ति पर लागू होता है और सामान्य आय के रूप में कर लगाया जाता है।

- पूंजीगत हानियों को घटाकर पूंजीगत लाभ को कम किया जा सकता है, जो तब होता है जब एक कर योग्य संपत्ति को मूल खरीद मूल्य से कम पर बेचा जाता है। कुल पूंजीगत लाभ में से किसी भी पूंजीगत हानि को घटाकर "शुद्ध पूंजीगत लाभ" के रूप में जाना जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- पूंजीगत परिसंपत्ति संपत्ति के महत्त्वपूर्ण उदाहरण हैं जैसे कि घर, कार, निवेश संपत्तियाँ, स्टॉक, बॉण्ड और यहाँ तक कि संग्रहणता (Collectibles) या कला।

**31.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण

- केंद्र सरकार ने वर्ष 2016 में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 408 के तहत 'राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण' (NCLT) का गठन किया था। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह भारत में पंजीकृत कंपनियों को नियंत्रित करने हेतु एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय के रूप में स्थापित किया गया है और इसने 'कंपनी लॉ बोर्ड' का स्थान लिया है।
- यह नागरिक प्रक्रिया संहिता में निर्धारित नियमों से बाध्य है और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित है, साथ ही यह अधिनियम के अन्य प्रावधानों और केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए किसी भी नियम के अधीन है। **अत: कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (NCLAT) का गठन कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 410 के तहत 'राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण' (NCLT) के आदेशों के खिलाफ अपील सुनने के लिये किया गया था।
  - NCLAT के किसी भी आदेश के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की जा सकती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**32.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- हिंद महासागर में तीन प्रमुख समुद्री संचार मार्ग (SLOCS) ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं:
  - SLOC बाब अल मंदेब जलडमरूमध्य के माध्यम से लाल सागर को हिंद महासागर से जोड़ने वाला समुद्री मार्ग है। (यह यूरोप और अमेरिका में अपने प्रमुख व्यापारिक भागीदारों के साथ एशिया के अधिकांश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को संचालित करता है)। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
  - SLOC होर्मुज़ जलडमरूमध्य के माध्यम से फारस की खाड़ी को हिंद महासागर से जोड़ता है (भारत, आसियान और पूर्वी एशिया जैसे प्रमुख आयात स्थलों के लिये ऊर्जा निर्यात का बड़ा हिस्सा इसी रूट से होता है)। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
  - SLOC मलक्का जलडमरूमध्य के माध्यम से भारतीय और प्रशांत महासागरों को जोड़ता है (आसियान, पूर्वी एशिया, रूस के सुदूर पूर्व और अमेरिका के साथ व्यापार के सुचारू प्रवाह का अभिन्न अंग)। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है। अत: विकल्प D सही है।**

नोट :

**33.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत 5334 बड़े बांधों के संचालन के साथ चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर है।
    - ये बाँध देश की जल सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु महत्त्वपूर्ण हैं।
    - भारतीय बाँध और जलाशय सालाना लगभग 300 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी का भंडारण करके देश के आर्थिक और कृषि विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- भारत सरकार ने विश्व बैंक की वित्तीय सहायता से अप्रैल 2012 में 'बाँध पुनर्वास और सुधार परियोजना' की शुरुआत की थी।
    - यह राज्य क्षेत्रक योजना थी, जिसमें एक केंद्रीय घटक भी शामिल था।
        - इसमें 10 कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ सात राज्यों (झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तराखंड) में स्थित 223 बाँधों के पुनर्वास का प्रावधान किया गया था।
    - सभी बाँधों के लिये महत्त्वपूर्ण डेटा प्राप्त करने और पुनर्वास प्रोटोकॉल की उचित निगरानी एवं विकास के लिये 'बाँध स्वास्थ्य एवं पुनर्वास निगरानी एप्लीकेशन' (धर्म) नामक एक वेब-आधारित उपकरण विकसित किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- बाँध पुनर्वास और सुधार परियोजना' के पहले चरण की सफलता के आधार पर जल शक्ति मंत्रालय ने बाह्य रूप से वित्तपोषित योजना के चरण-II और चरण-III की शुरुआत की है। इस योजना को अक्तूबर 2020 में मंज़ूरी दी गई थी।
    - योजना के दूसरे चरण को दो बहुपक्षीय वित्तपोषण एजेंसियों - विश्व बैंक और एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (AIIB) द्वारा सह-वित्तपोषित किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक द्वारा 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर का वित्तपोषण किया जा रहा है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - योजना के वित्तपोषण पैटर्न में केंद्र और राज्यों की हिस्सेदारी 80:20 (विशेष श्रेणी के राज्य), 70:30 (सामान्य श्रेणी के राज्य) और 50:50 (केंद्रीय एजेंसियाँ) है।

34.

उत्तर: B

व्याख्या:

- 8 अगस्त, 1942 को महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन को समाप्त करने का आह्वान किया और मुंबई में अखिल भारतीय कॉन्ग्रेस कमेटी के सत्र में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - 8 अगस्त, 2021 को भारत ने भारत छोड़ो आंदोलन के 79 वर्ष पूरे किये, जिसे अगस्त क्रांति भी कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- गांधीजी ने ग्वालिया टैंक मैदान में अपने भाषण में "करो या मरो" का आह्वान किया, जिसे अब अगस्त क्रांति मैदान के नाम से जाना जाता है।
- स्वतंत्रता आंदोलन की 'ग्रैंड ओल्ड लेडी' के रूप में लोकप्रिय अरुणा आसफ अली को भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान मुंबई के ग्वालिया टैंक मैदान में भारतीय ध्वज फहराने के लिये जाना जाता है।
- 'भारत छोड़ो' का नारा एक समाजवादी और ट्रेड यूनियनवादी यूसुफ मेहरली द्वारा गढ़ा गया था, जिन्होंने मुंबई के मेयर के रूप में भी काम किया था।
    - मेहरअली ने "साइमन गो बैक" का नारा भी गढ़ा था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**नोट :**

**35.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

जयप्रकाश नारायण: स्वतंत्रता के बाद की भूमिका

- वर्ष 1952 में उन्होंने प्रजा सोशलिस्ट पार्टी (PSP) का गठन किया।
- राजनीति से असंतुष्ट होकर उन्होंने वर्ष 1954 में घोषणा की कि वे अपना जीवन भूदान आंदोलन के लिये समर्पित करेंगे जिसकी स्थापना विनोबा भावे ने की थी।
- वर्ष 1959 में उन्होंने गाँव, ज़िला, राज्य एवं संघ परिषदों के चार स्तरीय पदानुक्रम के माध्यम से 'भारतीय राजनीति के पुनर्निर्माण' की अवधारणा प्रस्तुत की।
- जब इंदिरा गांधी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा चुनावी कानूनों का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया था तो जयप्रकाश नारायण ने इंदिरा गांधी एवं राज्यों के मुख्यमंत्रियों पर इस्तीफा देने का दबाव बनाया तथा सेना एवं पुलिस से असंवैधानिक और अनैतिक आदेशों की अवहेलना करने का आग्रह किया। वर्ष 1974 में उन्होंने सामाजिक परिवर्तन के लिये एक कार्यक्रम की वकालत की जिसे उन्होंने सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार के खिलाफ संपूर्ण क्रांति करार दिया।
  - संपूर्ण क्रांति: संपूर्ण क्रांति सात क्रांतियों (राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, वैचारिक या बौद्धिक, शैक्षिक एवं आध्यात्मिक) का एक संयोजन है। **अत: विकल्प B सही है।**

**36.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अनुच्छेद 342 (1)- राष्ट्रपति किसी भी राज्य या केंद्रशासित प्रदेश के संबंध में, राज्यपाल के परामर्श के बाद एक सार्वजनिक अधिसूचना द्वारा उस राज्य या केंद्रशासित प्रदेश के संबंध में अनुसूचित जनजाति के रूप में जनजातीय या आदिवासी समुदायों या जनजातियों के उप-समूह या समूहों को निर्दिष्ट कर सकता है।
- जनजातीय समुदायों से संबंधित समितियाँ:
  - शाशा समिति (2013)
  - भूरिया आयोग (2002-2004)
  - लोकुर समिति (1965)
- अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के उप-वर्गीकरण पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिये संविधान के अनुच्छेद 340 के तहत अक्तूबर 2017 में रोहिणी आयोग का गठन किया गया था।
- शिवरमन समिति (1979) नाबार्ड की स्थापना से जुड़ी है। अत: विकल्प A सही है।

**37.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या :**

- जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल जलवायु परिवर्तन से संबंधित विज्ञान का आकलन करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था है।
  - IPCC की स्थापना संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) और विश्व मौसम विज्ञान संगठन (World Meteorological Organisation- WMO) द्वारा वर्ष 1988 में की गई थी। यह जलवायु परिवर्तन पर नियमित वैज्ञानिक आकलन, इसके निहितार्थ और भविष्य के संभावित जोखिमों के साथ-साथ अनुकूलन तथा शमन के विकल्प भी उपलब्ध कराता है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- हाल ही में जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC) ने अपनी छठी आकलन रिपोर्ट (AR6) का पहला भाग क्लाइमेट चेंज 2021: द फिजिकल साइंस बेसिस शीर्षक से जारी किया।
  - पृथ्वी की सतह का औसत तापमान अगले 20 वर्षों (2040 तक) में पूर्व-औद्योगिक स्तरों (1.5 डिग्री सेल्सियस) और उत्सर्जन में तीव्र कमी के बिना सदी के मध्य तक 2 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाएगा।
  - यह पहली बार है जब IPCC ने कहा है कि सबसे अच्छी स्थिति में भी पृथ्वी का 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान होना अपरिहार्य था। **अत: कथन 2 सही है।**

**38.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत में जनजाति की लगभग 104 मिलियन (जो देश की आबादी का लगभग 8.6% है) आबादी है।
- यद्यपि 705 ऐसे जातीय समूह हैं जिनकी औपचारिक रूप से पहचान गई है, इनमें से लगभग 75 विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह (PVTGs) हैं।
  - गोंड भारत का सबसे बड़ा जनजातीय समूह है।
  - सबसे अधिक संख्या में जनजातीय समुदाय (62) ओडिशा में पाए जाते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- केंद्रीय जनजातीय बेल्ट जिसमें भारत के पूर्वोत्तर राज्य शामिल हैं (राजस्थान से लेकर पश्चिम बंगाल तक के क्षेत्र सहित), सबसे अधिक स्वदेशी आबादी (Indigenous Population) का क्षेत्र है। **अत: कथन 2 सही है।**

**39.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- इस योजना के तहत केंद्र प्रतिवर्ष 6,000 रुपए की राशि तीन समान किश्तों में सीधे सभी भूमिधारक किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित करता है, भले ही उनकी जोत का आकार कुछ भी हो। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - इसे फरवरी 2019 में लॉन्च किया गया था।
- यह भारत सरकार के 100% वित्तपोषण के साथ एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है। हालाँकि लाभार्थी किसान परिवारों की पहचान की पूरी ज़िम्मेदारी राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सरकारों की होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। **अत: कथन 3 सही है।**

**40.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- GeM विभिन्न केंद्रीय और राज्य सरकारों के विभागों/संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU) द्वारा आवश्यक सामान्य उपयोग की वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद की सुविधा के लिये वन-स्टॉप राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल है। **अत: कथन 1 सही है।**
- GeM पर उपलब्ध वस्तुओं और सेवाओं के लिये मंत्रालयों व केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSEs) द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद करना अनिवार्य है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह सरकारी उपयोगकर्त्ताओं को उनके पैसे का सर्वोत्तम मूल्य प्राप्त करने की सुविधा के लिये ई-बोली और रिवर्स ई-नीलामी जैसे उपकरण भी प्रदान करता है।
- इसे वर्ष 2016 में सरकारी खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिये लॉन्च किया गया था।
- GeM के रखरखाव के लिये वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय नोडल एजेंसी है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

41.

उत्तर: B

व्याख्या

- 'भारत-तिब्बत सीमा पुलिस' (ITBP) भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत कार्यरत एक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल हैं: असम राइफल्स (AR), सीमा सुरक्षा बल (BSF), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF), केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) और सशस्त्र सीमा बल (SSB)।
- ITBP की स्थापना 24 अक्तूबर, 1962 को भारत-चीन युद्ध के दौरान की गई थी और यह एक सीमा रक्षक पुलिस बल है जिसके पास ऊँचाई वाले अभियानों की विशेषज्ञता है।
- वर्तमान में ITBP लद्दाख में काराकोरम दर्रे से लेकर अरुणाचल प्रदेश के जचेप ला तक 3488 किलोमीटर भारत-चीन सीमा की सुरक्षा हेतु उत्तरदायी है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ITBP को नक्सल विरोधी अभियानों और अन्य आंतरिक सुरक्षा मुद्दों के लिये भी तैनात किया जाता है। अतः कथन 3 सही है।
- ITBP को प्रारंभ में 'केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल' (CRPF) अधिनियम, 1949 के तहत स्थापित किया गया था। हालाँकि वर्ष 1992 में संसद ने ITBP अधिनियम लागू किया और वर्ष 1994 में इसके संबंध में नियम बनाए गए।

42.

उत्तर: C

व्याख्या:

- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) के तहत इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज़ (IIPS)) द्वारा वर्ष 2019 में वैश्विक युवा तंबाकू सर्वेक्षण का चौथा चरण (GYTS-4) आयोजित किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह एशिया और प्रशांत क्षेत्र (ESCAP) के लिये आर्थिक और सामाजिक आयोग हेतु जनसंख्या अध्ययन के मामले में प्रशिक्षण और अनुसंधान हेतु एक क्षेत्रीय संस्थान के रूप में कार्य करता है।
  - GYTS के पहले तीन चरण 2003, 2006 और 2009 में आयोजित किये गए थे।
- GYTS-4 के प्रमुख निष्कर्ष:
  - पिछले एक दशक में स्कूल जाने वाले 13-15 वर्ष के बच्चों में तंबाकू के सेवन में 42 प्रतिशत की गिरावट आई है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - 13-15 वर्ष की आयु के छात्रों में से करीब प्रत्येक 5 में एक ने अपने जीवन में किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद (धूम्रपान, धुआँ रहित और किसी भी अन्य रूप) का उपयोग किया।
  - किसी भी प्रकार के तंबाकू के सेवन की मात्रा के मामले में लड़कों की संख्या अधिक थी। लड़कों में तंबाकू के सेवन का प्रसार 9.6 प्रतिशत और लड़कियों में 7.4 प्रतिशत था।
  - स्कूल जाने वाले बच्चों में तंबाकू का सेवन करने वाले अरुणाचल प्रदेश और मिज़ोरम में सबसे अधिक तथा हिमाचल प्रदेश एवं कर्नाटक में सबसे कम थे। **अतः कथन 3 सही है।**

43.

उत्तर: A

व्याख्या:

- पाम तेल वर्तमान में विश्व का सबसे अधिक खपत वाला वनस्पति तेल है।
  - इसका उपयोग डिटर्जेंट, प्लास्टिक, सौंदर्य प्रसाधन और जैव ईंधन के उत्पादन में बड़े पैमाने पर किया जाता है।

- कमोडिटी के शीर्ष उपभोक्ता भारत, चीन और यूरोपीय संघ (EU) हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत विश्व में वनस्पति तेल का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। इसमें से पाम तेल का आयात इसके कुल वनस्पति तेल आयात का लगभग 55% है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

- भारत सालाना खपत किये जाने वाले लगभग 2.4 करोड़ टन खाद्य तेल के आधे से भी कम का उत्पादन करता है।
  - यह इंडोनेशिया और मलेशिया से पाम तेल, ब्राज़ील तथा अर्जेंटीना से सोया तेल एवं रूस व यूक्रेन से सूरजमुखी का तेल आयात करता है।
  - भारत में 94.1% पाम तेल का उपयोग खाद्य उत्पादों (विशेष रूप से खाना पकाने के प्रयोजनों के लिये) में किया जाता है। यह पाम तेल को भारत की खाद्य तेल अर्थव्यवस्था के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण बनाता है।

**44.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या**

- भारत एशियाई शेरों का प्रमुख आवास स्थान है और ये मुख्य तौर पर सासन-गिर राष्ट्रीय उद्यान (गुजरात) के संरक्षित क्षेत्र में निवास करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- संरक्षण स्थिति:
  - IUCN रेड लिस्ट: संवेदनशील
    - एशियाई शेर: संकटग्रस्त
  - CITES: भारतीय आबादी के लिये परिशिष्ट- I एवं अन्य सभी आबादी परिशिष्ट- II
  - वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972: अनुसूची- I **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रोजेक्ट लायन: 'प्रोजेक्ट टाइगर' और 'प्रोजेक्ट एलीफैंट' की तर्ज पर अगस्त 2020 में घोषित प्रोजेक्ट लायन के तहत 'कुनो-पालपुर वन्यजीव अभयारण्य' (मध्य प्रदेश) के अलावा छह नए स्थलों की पहचान की गई है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - यह कार्यक्रम एशियाई शेर के संरक्षण के लिये शुरू किया गया है, जिसकी अंतिम शेष जंगली आबादी गुजरात के 'एशियाई शेर लैंडस्केप' (ALL) में मौजूद है।

**45.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

उज्ज्वला 1.0 के तहत मार्च 2020 तक गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के परिवारों की 50 मिलियन महिलाओं को एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य था। उज्ज्वला 2.0 के तहत लाभार्थियों को अतिरिक्त 10 मिलियन एलपीजी कनेक्शन प्रदान किये जाएंगे।

- एक जमा-मुक्त एलपीजी कनेक्शन के साथ उज्ज्वला 2.0 लाभार्थियों को पहली रिफिल और एक हॉटप्लेट नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा। **अतः कथन 1 सही है।**

- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (MoPNG) उज्ज्वला योजना को लागू करने वाली नोडल एजेंसी है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**46.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या :**

- वर्ष 2015 में भारत ने अगलेगा द्वीप समूह के विकास के लिये मॉरीशस के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये।
  - यह बाहरी द्वीप में अपने हितों की रक्षा करने में मॉरीशस रक्षा बलों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिये समुद्री और हवाई संपर्क में सुधार हेतु बुनियादी ढाँचे की स्थापना तथा उन्नयन के लिये प्रदान करता है।

- हालाँकि तब से ट्रांसपोंडर सिस्टम और निगरानी बुनियादी ढाँचे को स्थापित करने में भारतीय नौसेना और तटरक्षकों के हितों के बारे में रिपोर्टें बढ़ रही हैं, जिसके कारण कुछ स्थानीय विरोध हुए हैं।

- हाल ही में मॉरीशस ने एक रिपोर्ट का खंडन किया है कि उसने भारत को अगलेगा (Agalega) के दूरस्थ द्वीप पर एक सैन्य अड्डा बनाने की अनुमति दी है। **अतः विकल्प D सही है।**

**47.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सार्वजनिक उद्यम (PE) सर्वेक्षण केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSE) की 100 प्रतिशत विस्तृत गणना है।
  - यह केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSE) को लेकर सूचना का एकमात्र सबसे बड़ा स्रोत है और सूचित नीति निर्माण के आधार पर कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे वित्त मंत्रालय के सार्वजनिक उद्यम विभाग (DPE) द्वारा जारी किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - हाल ही में सरकार ने सार्वजनिक उद्यम विभाग (DPE) को भारी उद्योग मंत्रालय से फिर से वित्त मंत्रालय को आवंटित कर दिया है।
- लोक उद्यम विभाग (DPE) ने दूसरी लोकसभा की प्राक्कलन समिति की 73वीं रिपोर्ट (1959-60) की सिफारिशों पर वित्तीय वर्ष 1960-61 से सार्वजनिक उद्यम सर्वेक्षण जारी करना शुरू किया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**48.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या**

- बायोमेथेनेशन का आशय ऐसी प्रकिया से है जिसके द्वारा कार्बनिक पदार्थों को अवायवीय परिस्थितियों में सूक्ष्मजैविक रूप से बायोगैस में परिवर्तित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसमें सूक्ष्मजीवों के तीन मुख्य शारीरिक समूह शामिल हैं: किण्वन बैक्टीरिया, कार्बनिक अम्ल ऑक्सीकरण बैक्टीरिया और मिथेनोजेनिक आर्किया।
  - सूक्ष्मजीव, जैव रासायनिक रूपांतरणों के कैस्केड के माध्यम से मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड को कार्बनिक पदार्थों में विघटित कर देते हैं।
- 'संयुक्त राष्ट्र विकास औद्योगिक संगठन' और 'वैश्विक पर्यावरण सुविधा (एक वित्तीय तंत्र) के सहयोग से 'नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय' ने इस अवसर पर निम्नलिखित दो योजनाएँ शुरू की हैं:
  - इंटरेस्ट सबवेंशन योजना।
    - यह अपशिष्ट से ऊर्जा संबंधी बायोमेथेनेशन परियोजनाओं और अभिनव व्यापार मॉडल के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - जैविक अपशिष्ट स्ट्रीम्स का GIS आधारित इन्वेंटरी टूल।
  - जैव ईंधन कार्यक्रम भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के लिये भी महत्त्वपूर्ण है।

**49.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- यह असम राज्य में स्थित है और 42,996 हेक्टेयर (हेक्टेयर) क्षेत्र में फैला है।
  - यह ब्रह्मपुत्र घाटी बाढ़ के मैदान में सबसे बड़ा अविभाजित और प्रतिनिधि क्षेत्र है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस उद्यान को वर्ष 1974 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।

नोट :

- इसे वर्ष 2007 में टाइगर रिज़र्व घोषित किया गया है। इसका कुल बाघ आरक्षित क्षेत्र 1,030 वर्ग किमी. है, जिसमें मुख्य क्षेत्र 430 वर्ग किमी. है।
- इसे वर्ष 1985 में यूनेस्को की विश्व धरोहर घोषित किया गया था। अत: कथन 3 सही है।
  - इसे बर्डलाइफ इंटरनेशनल द्वारा एक महत्त्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र के रूप में मान्यता दी गई है।
- विश्व में सर्वाधिक एक सींग वाले गैंडे काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में ही पाए जाते हैं।
  - पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य में विश्व में एक सींग वाले गैंडों का घनत्व सबसे अधिक है और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के बाद असम में गैंडों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**50.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भील छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और राजस्थान में रहने वाले सबसे बड़े आदिवासी समूहों में से एक हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह राजस्थान की सबसे बड़ी जनजाति है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इन्हें राजस्थान में अनुसूचित जनजाति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**
- भील महिलाएँ पारंपरिक साड़ी पहनती हैं, जबकि पुरुष लंबी फ्रॉक और पजामा पहनते हैं। औरतें चाँदी, पीतल के भारी-भरकम गहने, मोतियों की माला, चाँदी के सिक्के और बालियाँ पहनती हैं।

## राजस्थान में अन्य जनजातियाँ

- सहरिया:
  - सहरिया सबसे पिछड़े राजस्थानी जनजातियों में से एक है।
- मीणा:
  - मीणा राजस्थान की दूसरी सबसे बड़ी जनजाति है।
  - ये सिंधु घाटी सभ्यता के निवासी माने जाते हैं।
- गड़िया लोहार:
  - गड़िया लोहार को राजस्थान की एक छोटी राजपूत जनजाति के रूप में जाना जाता है।
- गरासिया:
  - गरासिया राजस्थान की एक और छोटी राजपूत जनजाति है।
- अन्य:
  - राजस्थान की अन्य जनजातियाँ भी हैं, जिनमें काठोडी (मेवाड़ क्षेत्र में पाई जाने वाली), सांसी और कंजर शामिल हैं।

**51.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- यह गहरी नींद जैसी एक निष्क्रिय अवस्था है जिसमें ठंडी जलवायु में रहने वाले कुछ जानवर सर्दी में शीत निद्रा की स्थिति में चले जाते हैं।
  - शीत निष्क्रियता की स्थिति में शरीर का तापमान कम हो जाता है और श्वास व हृदयगति धीमी हो जाती है।
  - यह जानवर को ठंड से बचाता है और भोजन की कमी होने पर मौसम के दौरान भोजन की आवश्यकता को कम करता है।
- आमतौर पर ध्रुवीय भालू, कृंतक और चमगादड़ कुछ ऐसे जानवर हैं जो शीत निष्क्रियता की स्थिति में रहते हैं।

**नोट :**

- ज़ेब्राफिश के संबंध में एक नए शोध ने प्रदर्शित किया है कि 'प्रेरित हाइबरनेशन' (टॉरपोर) अंतरिक्ष उड़ान के दौरान इसके विभिन्न तत्त्वों विशेष रूप से विकिरण से मनुष्यों की किस प्रकार रक्षा कर सकता है। **अतः विकल्प D सही है।**

**52.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- शरणार्थियों की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन 1951 और उसके बाद के 1967 के प्रोटोकॉल के तहत शरणार्थी की परिभाषा दी गई है।
  - इसके अनुसार, शरणार्थी शब्द किसी ऐसे व्यक्ति से संबंधित है जो अपने मूल देश से बाहर है और नस्ल, धर्म, राष्ट्रीयता, किसी विशेष सामाजिक समूह की सदस्यता या राजनीतिक राय के कारण उत्पीड़न के एक सुस्थापित भय के कारण वापस लौटने में असमर्थ या अनिच्छुक है।
  - हालाँकि वैध यात्रा दस्तावेज़ों के बिना देश में प्रवेश करने वाले विदेशी नागरिकों को अवैध प्रवासी माना जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत शरणार्थियों की स्थिति से संबंधित 1951 के संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन और उस पर 1967 के प्रोटोकॉल का हस्ताक्षरकर्ता नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**53.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 'लॉ ऑफ द सी ट्रीटी', (Law of the Sea Treaty) जिसे औपचारिक रूप से संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (UNCLOS) के रूप में जाना जाता है, को वर्ष 1982 में विश्व के सागरों और महासागरों पर देशों के अधिकार व ज़िम्मेदारियों का निर्धारण करने हेतु अपनाया गया था।
- यह कन्वेंशन बेसलाइन से 12 समुद्री मील की दूरी को प्रादेशिक समुद्र सीमा के रूप में और 200 समुद्री मील की दूरी को विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र सीमा के रूप में परिभाषित करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - भारत वर्ष 1982 में UNCLOS का हस्ताक्षरकर्त्ता देश बना।
- अंतर्राष्ट्रीय समुद्र तल प्राधिकरण (ISA) को समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के तहत समग्र रूप से मानव जाति के लाभ के लिये अंतर्राष्ट्रीय समुद्र तल क्षेत्र में सभी खनिज संबंधी गतिविधियों को व्यवस्थित, विनियमित और नियंत्रित करने हेतु अनिवार्य रुप से अधिकृत किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - गहरे समुद्र में संबंधित गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले हानिकारक प्रभावों से समुद्री पर्यावरण की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करना ISA का कर्तव्य है।
- ISA में 167 सदस्य राज्यों और यूरोपीय संघ से बना है।

**54.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNTOC), जिसे पालेर्मो कन्वेंशन भी कहा जाता हैअंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित बहुपक्षीय संधि है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसे वर्ष 2000 में इटली के पलेर्मो में अपनाया गया था तथा यह वर्ष 2003 में लागू हुआ।
  - संगठित अपराध के खिलाफ एक अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन रखने के पीछे का विचार यह था कि यदि अपराध सीमा को पार करते हैं, तो इनके लिये एक प्रवर्तन कानून (Enforcement Law) भी होना चाहिये।
  - भारत वर्ष 2002 में UNTOC में शामिल हुआ।

नोट :

- यह प्रोटोकॉल व्यक्तियों की तस्करी पर एक सहमत परिभाषा के साथ पहला वैश्विक कानूनी रूप से बाध्यकारी साधन है। इसके अलावा प्रोटोकॉल का उद्देश्य मानव तस्करी के शिकार लोगों की रक्षा करना और उनकी सहायता करना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**55.**

**उत्तर : D**

**व्याख्या :**

- भारत निर्वाचन आयोग (ECI) भारत में संघ और राज्य चुनाव प्रक्रियाओं के संचालन के लिये ज़िम्मेदार एक स्वायत्त संवैधानिक निकाय है।
    - यह देश में लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधानसभाओं, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव का संचालन करता है।
    - निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को संविधान के अनुसार की गई थी।
- भारतीय संविधान का भाग XV चुनावों से संबंधित है और इन मामलों के लिये एक आयोग की स्थापना करता है।
    - संविधान के अनुच्छेद 324 से 329 तक चुनाव आयोग और सदस्यों की शक्तियों, कार्य, कार्यकाल, पात्रता आदि से संबंधित हैं।
    - अनुच्छेद 324 चुनावों के पर्यवेक्षण, निर्देशन और नियंत्रण के लिये चुनाव आयोग की नियुक्ति का प्रावधान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मूल रूप से आयोग में केवल एक निर्वाचन आयुक्त था लेकिन चुनाव आयुक्त संशोधन अधिनियम 1989 के बाद इसे एक बहु-सदस्यीय निकाय बना दिया गया है। अत: कथन 3 सही है।
    - आयोग में वर्तमान में एक मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) और दो निर्वाचन आयुक्त (EC) हैं। **अत: कथन 2 सही है**
    - निर्वाचन आयोग का सचिवालय नई दिल्ली में स्थित है।

**56.**

**उत्तर : A**

**व्याख्या :**

- 'ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड' (GLOF) ऐसी बाढ़ को संदर्भित करता है जिसमें ग्लेशियर या मोराइन (ग्लेशियर की सतह पर गिरी धूल और मिट्टी का जमाव) से क्षतिग्रस्त जल अचानक गिरता है।
    - जब ग्लेशियर पिघलते हैं, तो यह जल, रेत, कंकड़ और बर्फ के अवशेषों से बने प्राकृतिक बाँध जैसी संरचना यानी 'मोराइन' में एकत्रित हो जाता है।
    - मिट्टी के बाँधों के विपरीत, 'मोराइन' बाँध की कमजोर संरचना के कारण ये प्राय: जल्दी टूट जाते हैं, जिससे निचले इलाकों में तेज़ी से बाढ़ आती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) के मुताबिक, हिंदू-कुश हिमालय के अधिकांश हिस्सों में होने वाले जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर पिघल रहे हैं और नई ग्लेशियल झीलों का निर्माण हो रहा है, जो कि 'ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड' (GLOF) का प्रमुख कारण हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**57.**

**उत्तर : C**

**व्याख्या :**

- हिमनद जलवायु परिवर्तन के संवेदनशील संकेतक होते हैं। क्रिस्टलीय बर्फ, चट्टान, तलछट एवं जल से निर्मित क्षेत्र, जहाँ पर वर्ष के अधिकांश समय बर्फ जमी होती है, को हिमनद कहते हैं। अत्यधिक भार व गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव से हिमनद ढलान की ओर प्रवाहित होते हैं।

- हिमनदों की निक्षेपित स्थलरूप:
  - हिमनद टिल या गोलाश्मी मृत्तिका: पिघलते हुए हिमनद द्वारा मिश्रित रूप में मोटे और महीन पदार्थों का निक्षेप-हिमोढ़ या हिमनद टिल या गोलाश्मी मृत्तिका के रूप में जाना जाता है।
  - हिमोढ़/मोराइन्स: हिमोढ़ हिमनद गोलाश्मी मृत्तिका/टिल के जमाव के कारण लंबी कटकें निर्मित होती हैं।
  - एस्कर्स: ये रेत एवं बजरी से बनी कटकें (Ridges) होती हैं, जो हिमनदों के पिघले जल के प्रवाह के माध्यम से निक्षेप के रूप में जमा हो जाती हैं। इसके पश्चात् बर्फ पिघलने के बाद निक्षेप एक कटक के रूप में शेष रह जाते हैं।
  - ड्रमलिन: ड्रमलिन हिमनद गोलाश्म मृत्तिका के अंडाकार समतल कटकनुमा स्थलरूप होते हैं जिनमें कुछ मात्रा में रेत व बजरी होती है।
- हिमनदों की अपरदित स्थलरूप :
  - हिमनद घाटियाँ/गर्त: ये घाटियाँ गर्त के आकार की एवं U-आकार वाली होती हैं जिनके तल चौड़े तथा अपेक्षाकृत चिकने एवं ढाल तीव्र होते हैं।
  - सर्क: ये अक्सर हिमनद घाटियों के शीर्ष पर पाए जाते हैं, ये हिमाच्छादित पर्वतों में सामान्य स्थलरूप हैं।
  - हॉर्न और सिरिटेड कटक: सर्क के शीर्ष पर अपरदन होने से हॉर्न निर्मित होते हैं। यदि तीन अथवा अधिक विकीर्णित निरंतर शीर्ष अपरदन के कारण अत्यधिक नुकीले हो जाते हैं तथा उनके तल आपस में मिल जाते हैं, तो उन्हें हॉर्न कहते हैं। **अत: विकल्प ( c ) सही है।**

**58.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- युवाओं की समस्याओं को पहचानने और उन पर ध्यान दिलाने के लिये प्रत्येक वर्ष 12 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है।
  - राष्ट्रीय युवा दिवस प्रत्येक 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 1999 में संयुक्त राष्ट्र ने इस दिन को प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह संयुक्त राष्ट्र महासभा में, लिस्बन में युवाओं के कल्याण के लिये ज़िम्मेदार मंत्रियों के विश्व सम्मेलन द्वारा की गई एक सिफारिश पर आधारित था।
  - प्रथम अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 12 अगस्त, 2000 को मनाया गया था।

**59.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क, सिकोनिडे परिवार का सदस्य है।
  - परिवार में लगभग 20 प्रजातियाँ हैं।
  - ये लंबी गर्दन वाले बड़े पक्षी हैं।
- दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया में पाया जाने वाला, ग्रेटर एडजुटेंट विश्व में सारस की सर्वाधिक संकटग्रस्त प्रजातियों में शामिल है।
  - इसके केवल तीन ज्ञात प्रजनन स्थल हैं - एक कंबोडिया में और दो भारत (असम और बिहार) में। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- संरक्षण स्थिति:
  - IUCN रेड लिस्ट: संकटग्रस्त (Endangered)
  - वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम,1972: अनुसूची IV

**नोट :**

60.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- यह एक रॉकेट-चालित स्व-निर्देशित रणनीतिक-हथियार प्रणाली है, जो अपने प्रक्षेपण स्थल से एक पूर्व निर्धारित लक्ष्य तक पेलोड पहुँचाने के लिये बैलिस्टिक ट्रेजेक्टरी का अनुसरण करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह पारंपरिक उच्च विस्फोटकों के साथ-साथ रासायनिक, जैविक या परमाणु हथियारों को ले जाने में सक्षम है।
- 'बैलिस्टिक मिसाइल प्रसार के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय आचार संहिता' (ICOC) जिसे अब 'बैलिस्टिक मिसाइल प्रसार के खिलाफ हेग आचार संहिता' के रूप में जाना जाता है, एक राजनीतिक पहल है जिसका उद्देश्य विश्व स्तर पर बैलिस्टिक मिसाइल प्रसार को रोकना है।
  - भारत इस कन्वेंशन का हस्ताक्षरकर्त्ता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अप्रैल 1987 में स्थापित 'स्वैच्छिक मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था' (MTCR) का उद्देश्य बैलिस्टिक मिसाइलों और अन्य मानव रहित वितरण प्रणालियों के प्रसार को सीमित करना है जिनका उपयोग रासायनिक, जैविक तथा परमाणु हमलों के लिये किया जा सकता है।
  - भारत भी MTCR का हिस्सा है।

नोट :